॥ ११८ ॥ [४३०] मेरेकूं स्थितिसैं कहिये बैठनेसैं गतिसैं कहिये चलनेसैं अर्थ औ अनर्थ नहीं हैं। वा शयनसैं अर्थ औ अनर्थ नहीं हैं। तातैं बैठते चलते सोते हुये मैं जैसैं सुख होवै तैसैं स्थित कहिये स्थितिकूं प्राप्त भयाहूं ॥ ५ ॥

॥ ११९ ॥ [४३३] सोवतेहुये मुजकूं हानि नहीं है औ प्रयत्नवान् हुये मुजकूं सिद्धि कहिये किसी फलकी प्राप्ति नहीं है। यातैं अयत्न औ यत्नविषै नाश औ उल्लासकूं छोडिके मैं जैसैं सुख होवै तैसैं स्थित भया कहिये स्थितिकूं पायाहूं ॥ ६ ॥

॥ १२० ॥ [४३५] भवों कहिये जन्मोंविषै सुखादिरूप धर्मनके अनियम कहिये अनित्यताकूं बहुत स्थलोंविषै देखिके। यातैं शुभअशुभकूं छोडिके मैं जैसैं सुख होवै तैसैं

स्थित भयाहूं ॥ ७ ॥

इति श्रीपंडितपीतांवरविरचितायामष्टावक्रगीताभाषाटीकायां यथासुखसप्तकं नाम त्रयोदशं प्रकरणं समाप्तम् ॥ १३ ॥

शांतिचतुष्टयं नाम चतुर्दशं प्रकरणम् ॥ १४ ॥

॥ दोहा ॥

उक्तजु सुखकी अवस्था। आपनमाहिंघटाव ॥
करनेकूं शिष कहतहै। शांति चतुष्टय भाव ॥१॥

४३८

॥ १२१ ॥ जो पुरुष स्वभावसैं विषयन-विषै शून्यचित्तवाला है औ प्रमादतैं विषय-नकूं चिंतन करनैवाला है। किसकी न्याईं कि। निद्राकूं प्राप्त औ जागरणकूं प्राप्त भये पुरुषकी न्याईं सो पुरुष निश्चित संसारसैं रहित है। संसारके हेतु विषयस्मरणके अ-भावतैं ॥ १ ॥

॥ १२२ ॥ मेरेकूं जब विषयनकी इच्छा गलित भई तब मेरेकूं कहां धन है। कहां मित्र हैं। कहां विषयरूप चौर हैं। कहां शास्त्र हैं औ कहां विज्ञान कहिये निदिध्यासन अरु धनादिकका ज्ञान है? तिनविषै वी मुजकूं आस्था नहीं है ॥ २ ॥

॥ १२३ ॥ साक्षी पुरुष कहिये त्वंपदार्थके औ परमात्मारूप ईश्वर कहिये तत्पदार्थके जानैहूये कहिये मैं ब्रह्म हूं ऐसें साक्षात् किये-हुये औ बंधतें मोक्षविषै वी आशाके अभाव हुये मेरेकूं मुक्तिके अर्थ चिंता नहीं है ॥३॥

॥ १२४ ॥ अंतःकरणविषै संकल्परहित औ बाहीर भ्रांत पुरुषकी न्याईं स्वतंत्र विचरनैवाले ज्ञानीकी तिसतिस दशा कहिये अवस्थाकूं तैसै ज्ञानीहीं जानतेहैं ॥ ४ ॥

इति श्रीपंडितपीतांबरविरचितायामष्टावक्रगीताभाषाटीकायां शिष्यप्रोक्तं शान्तिचतुष्टयं नाम चतुर्दशं प्रकरणं समाप्तम्॥

गुरुप्रोक्ततत्त्वोपदेशविंशतिकं नाम पंचदशं प्रकरणं ॥ १५ ॥

॥ दोहा ॥

आत्माके दुषलच्छय । निजातत्वप्रतीतिसुखेन् ॥
लिय पुनपुन उपदेश गुरु। कहत दया जलएन ॥

॥ १२५ ॥ सत्व कहिये सत्वगुणयुक्त बुद्धि-वाला शिष्य जैसैं तैसैं उपदेशसैं कृतार्थ होवैहै । औ अन्य असत्वबुद्धिवाला जीवन-पर्यंत जिज्ञासु हुया वहुधा उपदेशकूं पाया वी तहां विरोचनकी न्यांई मोह कहिये भ्रांतिकूं प्राप्त होवैहै ॥ १ ॥

॥ १२६ ॥ विषयनविषै विरसता कहिये रागका अभाव मोक्ष है । औ विषयनविषै रस कहिये राग बंध है । इतनाहीं बंधमोक्षका श्रेष्ठ ज्ञान है । ऐसैं जानिके तूं जैसैं इच्छता-है तैसैं कर ॥ २ ॥

॥ १२७ ॥ यहँहैं प्रसिद्ध तत्त्वबोध । वाचालपंडित औ महान्उद्योगी जनकूं क्रमतें मूक जड औ आलसी करडालताहै । प्रत्यगात्माविषै तत्पर होनेकरि ज्ञानीके वाणी मन औ शरीर कुंठित होवैहैं । यातें भोगकी इच्छावाले पुरुषोनैं तत्त्वबोध त्यागदिया कहिये अनादरयुक्त कियाहै ॥ ३ ॥

॥ १२८ ॥ हे शिष्य ! जातें तूं चेतनरूप है यातें देह नहीं औ तेरा देह नहीं । औ जातें तूं सदा साक्षी है यातें तूं भोक्ता वा कर्त्ता नहीं । यातें देह औ ताके संबंधिनविषै निरपेक्ष हुया सुख जैसैं होवै तैसैं विचर ४

॥ १२९ ॥ रॉग औ द्वेष मनके धर्म हैं । तेरे नहीं । सो मन कदाचित् तेरा संबंधि नहीं । यातें मनके अध्यासतें रागादिकका

अध्यास मतिकर। जातें तूं निर्विकल्प औ बोध-स्वरूप है । यातें रागादिविकारनतें रहित हुया सुख जैसें होवै तैसें विचर ॥ ५ ॥

॥ १३० ॥ सर्वभूतनविषै विवर्त्तोपादान-कारण होनैकरि अनुस्यूत आत्माकूं जानिके औ सर्वभूतनकूं आत्माविषै अध्यस्त हैं ऐसें जानिके अहंकाररहित औ ममकाररहित हुया तूं सुखी हो ॥ ६ ॥

॥ १३१ ॥ जिसविषै यह विश्व। सागर-विषै तरंगनकी न्यांई अधिष्ठानसैं अभिन्न स्फुरता कहिये भासताहै। सो चैतन्य तूं हीं है यामैं संदेह नहीं। यातें हे चेतनमूर्ते! तूं ज्वररहित हो ॥ ७ ॥

॥ १३२ ॥ हे तात! श्रद्धा कहिये विश्वास कर। श्रद्धा कर। भो हे शिष्य! इस अपनी चेतनरूपताविषै मोह कहिये संशय-विपर्ययरूप अविवेककूं मति कर॥ ज्ञानस्वरूप औ प्रकृतितैं पर जो तूं सो भगवान् कहिये तत्पदार्थरूप है। तैसैं आत्मा कहिये त्वंपदार्थरूप है ८

॥ १३३ ॥ गुण कहिये इंद्रियआदिकन-करि वेष्टित देह बैठताहै आताहै औ जाताहै। आत्मा तौ न जानैवाला है औ न आनैवाला है। यातैं इस आत्माके तांई मैं मरूंगा ऐसैं क्या शोच करताहै ॥ ९ ॥

॥ १३४ ॥ देह जो है सो कल्पपर्यंत स्थित होहु वा फेर आज कहिये अबीहीं चल्याजाउ। तिसकरि चेतनमात्रस्वरूप तेरी कहां वृद्धि है औ वा कहां हानि है? ॥१०॥

॥ १३५ ॥ विश्वनामक लहरी बी स्वभाव-

तें कहिये अविद्या काम कर्मतें तुज अनंत चेतनरूप महासमुद्रविषै उदय होवो वा अस्तकूं पावहु। इसकरि तेरी वृद्धि नहीं औ हानि नहीं॥

॥ १३६ ॥ हे तात! तूं जातें चेतनमात्ररूप है औ यह जगत् तुजतें भिन्न नहीं। यातें किसकूं कैसें कहां त्यागग्रहणकी कल्पना होवै? ॥ १२ ॥

॥ १३७ ॥ एक अविनाशी शांत कहिये निष्प्रपंच चिदाकाशरूप औ निर्मल कहिये शुद्धरूप तुजविषै जन्म कहांतैं औ कर्म कहांतैं औ अहंकार कहांतैं हीं होवैगा?॥ १३

॥ १३८ ॥ जिसै जिस कार्यकूं तूं देखताहै। तहां कारणरूप एक तूंहीं भासताहै। कटक अंगद कहिये भुजाका भूषण। औ नूपुर कहिये स्त्रीपादभूषण क्या सुवर्णतैं न्यारा भासताहै? नहीं भासताहै। यह अर्थ है ॥१४॥

॥ १३९ ॥ "येहं सो मैं हूं औ यह मैं नहीं हूं" इस विभागकूं त्यागकर । औ "सर्व आत्मा है" ऐसें निश्चय करिके भेदभ्रांतिकूं त्यागकर । तैसें हुये निःसंकल्प हुया सुखी हो ॥ १५ ॥

॥ १४० ॥ तेरेहीं अज्ञानतें विश्व है । यातैं परमार्थतैं तूं एक है यातैं तुजतैं अन्य कोई बी संसारी नहीं औ असंसारी नहीं है ॥ १६ ॥

॥ १४१ ॥ येहे विश्व भ्रांतिमात्र सिद्ध है । यातैं किंचित् नहीं है । इस निश्चय-वाला याहींतैं वासनारहित औ स्फूर्ति कहिये प्रकाशमात्र हुया कछु बी नहींकी न्यांई शांतिकूं पावताहै ॥ १७ ॥

॥ १४२ ॥ तीनकालमैं बी भवसागरविषै एक तूंहीं होताभयाहै औ होवैगा । यातैं तेरेकूं बंध नहीं है वा मोक्ष नहीं है । यातैं तूं कृतकृत्य हुया सुख जैसैं होवै तैसैं विचर १८

॥ १४३ ॥ हे चेतनरूप! संकल्प औ विकल्प करिके चित्तकूं क्षोभ मतकर । किंतु उपशमकूं पाव । औ आनंदरूप स्वस्वरूप-विषै स्थित होहू ॥ १९ ॥

॥ १४४ ॥ तूं सर्व ठिकाने ध्यानकूंहीं त्यागकर । कछु बी हृदयविषै धारण मत-कर । आत्मारूप तूं सदा मुक्तहीं हो । विचारिकै क्या फल करैगा? ॥ २० ॥

इति श्रीपंडितपीतांबरविरचितव्याख्यानसहितअष्टावक्रगीतायां तत्त्वोपदेशविषयकं नाम पंचदशं प्रकरणं समाप्तम् ॥१५॥

विशेषोपदेशकं नाम षोडशं प्रकरणं ॥ १६ ॥

॥ दोहा ॥

भिन्नभाव करि सर्वकी विस्मृति मुक्ती अंग ॥
कहहीं द्वार अनर्थमय तृष्णा आदिक भंग ॥ १ ॥

॥ १४५ ॥ हे तात ! तूं नानाशास्त्रनकूं वारंवार शिष्यनके ताईं कथन कर। वा गुरुनतें श्रवण कर। तौ वी तेरा सर्वके विस्मरणतैं विना श्रेय कहिये कल्याण नहीं होवैगा ॥ १ ॥

॥ १४६ ॥ हे विशेषज्ञाता ! तूं भोगकूं कर। वा कर्मकूं कर। वा समाधिकूं कर। तौ वी तेरेकूं सर्वआशातैं रहित भया चित्त स्वस्वरूपविषै अत्यंतरुचि उपजावेगा॥२

॥ १४७ ॥ सैंकूल कहिये सर्वजन आयासतैं कहिये देहनिर्वाहक परिश्रमतैं दुःखी होवैहै। परंतु इस आयासकूं " यह दुःखका हेतु है ॥ "

ऐसैं कोईवी जानता नहीं । इसीहीं उपदेश-सैं धन्य कहिये मुक्तिपुरुष परमसुखकूं पावताहै ॥ ३ ॥

॥ १४८ ॥ जो निमेष औ उन्मेषके कहिये नेत्रके ढांपनैंखोलनैंके व्यापारविषै खेदकूं पावताहै । तिस आलसीधीरकूं सुख होवैहै । अन्य किसीकूं वी नहीं ॥ ४ ॥

॥ १४९ ॥ यह किया । यह नहीं किया । इसप्रकारके द्वंद्वनसैं मुक्त जब मन होवैहै । तब धर्मअर्थकाम औ मोक्षविषै निरपेक्ष होवैहै५

॥ १५० ॥ मुमुक्षु हुया जो विषयविषै द्वेषका कर्त्ता होवै । सो विरक्त कहियेहै ॥ औ काम सापेक्ष हुया जो विषयनविषै लोलुप होवै । सो रागी ऐसैं कहियेहै ॥ औ जो ग्रहण औ मोक्षतैं रहित है । सो तो विरक्त नहीं औ रागवान् नहीं ॥ ६ ॥

॥ १५१ ॥ [530] अविचारदशाका स्थानकमय तृष्णा जहां लगि जीवैहै । तहां लगि निश्चयकरि त्यागग्रहणभावरूप संसारवृक्षकी शाकाका अंकुर होवैहै ॥ ज्ञानीजनोकूं तौ तृष्णाके होते बी त्यागग्रहणादिव्यवहारविषै संसारकी शाखाका विस्तार नहीं होवैहै । यह भावार्थ है ॥ ७ ॥

॥ १५२ ॥ [532] प्रवृत्तिविषै राग होवैहै । निवृत्तिविषै द्वेषहीं होवैहै । यातैं ज्ञानी बालककी न्यांई रागद्वेषतैं रहित हुया । ऐसैं रागद्वेषजन्य प्रवृत्तिनिवृत्तितैं रहितहीं स्थित होवैहै ॥ ८ ॥

॥ १५३ ॥ [534] रागीपुरुष दुःखके त्यागकी इच्छासैं संसारकूं त्यागनेकूं इच्छताहै । औ रागरहित तौ दुःखरहित हुया तिस संसारकें होते बी खेदकूं पावता नहीं ॥ ९ ॥

॥ १५४ ॥ [५३६] जाँकूं मोक्षविषै वी ज्ञानी हूं। ऐसा अभिमान है। तैसैं देहविषै वी ममता है। यह ज्ञानी नहीं वा योगी नहीं । किंतु केवल दुःखका भजनैवाला है ॥ १० ॥

॥ १५५ ॥ [५३१] तेरेकूं यद्यपि हर कहिये शिव उपदेशका कर्त्ता होवैगा। वा हरि होवैगा। वा ब्रह्मा होवैगा। तौ वी तेरेकूं सर्वके विस्मरणतैं विना। स्वस्थता नहीं होवैगी ॥ ११ ॥

इति श्रीपंडितपीतांवरविरचितायामष्टावक्रगीताभापाटीकायां विशेषोपदेशकं नाम शोडशं प्रकरणं समाप्तम् ॥ १६ ॥

तत्त्वज्ञस्वरूपविंशतिकं नाम सप्तदशं प्रकरणं ॥ १७ ॥

॥ दोहा ॥

वीसश्लोकसैं कहत है ज्ञानिदशा गुरुदेव ॥
विद्याज्ञानि श्रेष्ठता स्पष्टकरन फुट एव ॥ १ ॥

॥ १५६ ॥ तिसीनें ज्ञानका फल पाया। तैसें योगाभ्यासका फल पाया। जो आत्माविषैहीं तृप्त औ स्वच्छइंद्रियवाला हुया नित्य-अकेला रमताहै ॥ १ ॥

॥ १५७ ॥ हे शिष्य! इस जगत्‌विषै कदाचित् तत्वज्ञानी खेदकूं पावता नहीं। जातें एकहीं तिसकरि यह ब्रह्मांडमंडल पूर्ण है। यातें दूसरेके अभावतें खेदकूं पावता नहीं। यह अर्थ है ॥ २ ॥

॥ १५८ ॥ आत्मारामकूं कदाचित् ये विषय हर्षकूं प्राप्त करते नहीं। जैसें सल्लकी कहिये वल्लीविशेषके पत्त्योंविषै प्रीतिवाले हस्ती-कूं निंबके पत्ते हर्षकूं प्राप्त करते नहीं। तैसें॥३॥

॥ १५९ ॥ जो भुक्तभोगनविषै आसक्त होता नहीं औ अभुक्तभोगनविषै इच्छारहित होवैहै। तैसा दुर्लभ हो ॥ ४ ॥

॥ १६० ॥ संसारविषै भोगकी इच्छा-वाला औ मोक्षकी इच्छावाला बी देखिये-है। परंतु भोग मोक्ष दोनूंकी इच्छातें रहित महाशय कहिये ब्रह्मविषै अंतःकरणवाला विरलाहीं है ॥ ५ ॥

॥ १६१ ॥ धर्म अर्थ काम औ मोक्षविषै। अरु जीवितविषै। तैसैं मरणविषै। किसी बी उदारचित्तवालेकूं त्याग औ ग्रहणभाव नहीं है ॥ ६ ॥

॥ १६२ ॥ जातैं ज्ञानीकूं विश्वके लयविषै इच्छा नहीं औ ताकी स्थितिविषै द्वेष नहीं। तातें धन्य जो विद्वान् सो यथाप्राप्त आजी-विकासें जैसैं सुख होवै तैसैं रहताहै ॥ ७ ॥

५५६
॥ १६३ ॥ मैं इस ज्ञानसैं कृतार्थ हूं। इसप्रकारसैं गलित भईहै बुद्धि जिसकी। ऐसा कृती कहिये ज्ञानी। देखताहुया। सुनताहुया। स्पर्श करताहुया। सूंघताहुया। खाताहुया। सुख जैसैं होवै तैसैं रहताहै ॥ ८ ॥

५५८
॥ १६४ ॥ क्षीण भयाहै संसार जिसका। तिस पुरुषविषै विषयकी इच्छा नहीं वा विरक्ति नहीं। औ ताकी दृष्टि कहिये मनकी क्रिया शून्य भई औ चेष्टा कहिये शरीरकी क्रिया वृथा भई औ इंद्रिय विकल भये ॥९॥

५६०।५६३
॥ १६५ ॥ ज्ञानी जागता नहीं। याहीतैं नेत्रकी पलकां खोलता नहीं कहिये बाह्यविषयका स्मरण करता नहीं। औ ज्ञानी निद्रा करता नहीं। यातैं नेत्रकी पलकां लगावता नहीं

कहिये सर्वविषयनकूं ब्रह्ममय देखताहै ॥ ५६८ अहो कहिये आश्चर्य है कि:– मुक्तचित्तवाले ज्ञानीकी कोई वी उत्कृष्टअवस्था वर्त्ततीहै ॥ १० ॥

५६९ ॥ १६६ ॥ सर्वठिकानै सुख औ दुःखविषै स्वस्थचित्तवाला देखिये औ सर्वठिकानैं शत्रु औ मित्रविषै निर्मलअंतःकरणवाला कहिये समदर्शी देखियेहै । जातैं सर्ववासनातैं मुक्त है। याहीतैं मुक्त कहिये ज्ञानी सर्वत्र सर्वदशाविषै विराजताहै । पूर्णआत्माका दर्शी होनैतैं ॥ ११ ॥

५७० ॥ १६७ ॥ देखताहुया । सुनताहुया । स्पर्श करताहुया । सूंघताहुया । खाताहुया । ग्रहण करताहुया । बोलताहुया औ चलताहुया । जो इच्छा औ द्वेषतें मुक्त औ महाशय कहिये ब्रह्मविषै मनवाला पुरुष है। सो मुक्तहीं है ॥ १२ ॥

॥ १६८ ॥ उक्तअर्थकूं स्पष्ट करतेहैं:— जो निंदा करता नहीं। स्तुति करता नहीं। हर्षकूं पावता नहीं। कोपकूं करता नहीं। देता नहीं औ ग्रहण करता नहीं। अरु सर्वत्र रससैं रहित है। सो मुक्त है॥ १३॥

॥ १६९ ॥ जो प्रीतिसहित स्त्रीकूं देखिके। वा समीपमें स्थित मृत्युकूं देखिके अव्याकुल मनवाला कहिये काम औ भयतें रहित हुया स्वस्थ कहिये स्वरूपमैं स्थित औ महाशय है। सो मुक्तहीं है॥ १४॥

॥ १७० ॥ सुखविषै दुःखविषै नरविषै नारीविषै औ संपत्तियांविषै अरु विपत्तियांविषैं सर्वत्र समदर्शी धीर कहिये ज्ञानीकूं भेद नहीं है॥ १५॥

॥ १७१ ॥ क्षीण भया है संसार जिसका। ऐसे नरविषै हिंसा कहिये परका द्रोह नहीं। औ करुणायुक्तता नहीं औ उद्धतपना नहीं औ दीनता नहीं औ आश्चर्य नहीं औ क्षोभ नहीं ॥ १६ ॥

॥ १७२ ॥ जीवन्मुक्त जो है सो विषयविषै द्वेषकूं करता नहीं। वा विषयविषै लोलुप कहिये आसक्त बी नहीं। किंतु आसक्तिरहित मनवाला हुया नित्य प्रारब्धवशतैं प्राप्तप्राप्तकूं भोगताहै ॥ १७ ॥

॥ १७३ ॥ बाहिरतैं शून्यचित्तवाला कहिये ज्ञानी। समाधान असमाधान हित औ अहितकी कल्पनाकूं जानता नहीं। किंतु विदेहमुक्तिके प्रति स्थित कहिये प्राप्त हुयेकी न्यांई है ॥ १८ ॥

॥ १७४ ॥ ममतारहित औ अहंकार-रहित औ "कछु वी नहीं" इसनिश्चयवाला औ अंतरमें गल गईहै सर्वआशा जाकी ऐसा है। यातें करताहुया वी नहीं करता-है ॥ १९ ॥

॥ १७५ ॥ गलित भयाहै मन जिसका ऐसा ज्ञानी। किसी वी अनिर्वचनीयदशा कहिये अवस्थाकूं प्राप्त होवैहै। जातें मनका प्रकाश मोह स्वप्न औ जडता कहिये सुषुप्तितें रहित है ॥ २० ॥

इति श्रीपंडितपी० विरचितायामष्टावक्रगीताटीकायां तत्त्वज्ञस्वरूपविंशतिकं नाम सप्तदशं प्रकरणं समाप्तम् ॥ १७ ॥

शांतिशतकं नाम

अष्टादशं प्रकरणं ॥ १८ ॥

॥ दोहा ॥

ज्ञानी मैं फलभूत जो । शांति मुख्यता ताहि ॥
कहनेकूं गुरु कहत हैं । शांति शतक फुट याहि १

॥ १७६ ॥ बोधके उदय भये तिसी क्षणमैंहीं प्रपंचका भ्रम स्वप्नकी न्याईं तुच्छ जाकूं विदित होवैहै । तिस शांत औ एक सुखरूप स्वप्रकाश कहिये ज्ञानीके अर्थ नमस्कार है ॥ १ ॥

॥ १७७ ॥ सर्वअर्थ कहिये धनादिकनकूं संपादनकरिके परिपूर्णभोगनकूं पावताहै । परंतु सर्वके परित्यागविना सुखी नहीं होवैहै ॥ २ ॥

॥ १७८ ॥ कर्त्तव्यजन्य दुःखरूप सूर्यकी ज्वालाकरि दग्ध भयाहै मन जाका । ता पुरुषकूं शांतिरूप अमृतधाराकी वृष्टि- विना सुख कहांसें होवैगा? ॥ ३ ॥

॥ १७९ ॥ यहै भव कहिये संसार भाव- नामात्र है । परमार्थतें आत्मातें भिन्न कछु बी नहीं । भावरूप औ अभावरूप पदार्थ- नविषे स्थित स्वभावनका अभाव नहीं है ॥ उष्णस्वभाववाला अग्नि शीतल नहीं होवैहै । तैसें हुये असत्स्वभाववाला प्रपंच भावनाकी निवृत्ति हुये निवृत्त होवैहै ॥ ४ ॥

॥ १८० ॥ आत्माका पद कहिये स्वरूप दूर नहीं औ संकोचतें कहिये परिच्छिन्न नहीं । याहीतें नित्यप्राप्तहीं है । ताकूं कंठ- गत भूषणकी न्याईं अप्राप्तकी न्याईं अज्ञानी मानतेहैं ॥ सो कैसा है कि:-निर्विकल्प है ।

आयाससैं रहित है। निर्विकार है औ निरंजन है ॥ ५ ॥

॥ १८१ ॥ निरावरणदृष्टिवाले कहिये ज्ञानी। प्रपंचरूप भ्रांतिमात्रकी निवृत्तिके हुये स्वरूपके ग्रहणमात्रतैं शोकरहित हुये विराजतेहैं ॥ ६ ॥

॥ १८२ ॥ सर्वजगत कल्पनामात्र है। औ आत्मा मुक्त है अरु सनातन है। ऐसैं जानिके धीर कहिये ज्ञानी। बालककी न्याईं क्या अभ्यास करताहै? कछु बी नही। कर्त्तव्यके अभावतैं। यह अर्थ है ॥ ७ ॥

॥ १८३ ॥ "आत्मा ब्रह्म है" औ "भाव-अभावरूप पदार्थ कल्पित हैं"। ऐसैं निश्चय-करिके निष्काम हुया क्या जानताहै। क्या बोलता है औ क्या करता है? ॥ ८ ॥

॥ १८४ ॥ "[६३०] सर्व आत्मा है" ऐसैं निश्चयकरिके बाह्यव्यापारतैं निवृत्त भये योगीकूं "यह सो मैं हूं" औ "यह मैं नहीं हूं" ऐसी कल्पना क्षीण भई ॥ ९ ॥

॥ १८५ ॥ [६३१] शांत योगीकूं विक्षेप नहीं औ एकाग्रता नहीं औ अतिबोध नहीं औ मूढता नहीं। औ सुख नहीं अरु दुःख नहीं १०

॥ १८६ ॥ [६३२] स्वर्गके राज्यविषै। भिक्षा-वृत्तिविषै। लाभसहित अलाभविषै। जन-समूहविषै औ वनविषै। विकल्परहित स्वभाववाले योगीकूं विशेष नहीं है ॥११॥

॥ १८७ ॥ [६३३] यह किया। यह नही किया इत्यादिद्वंद्वोंतैं मुक्त योगीकूं धर्म कहां है? वा काम कहिये भोग कहां है? वा अर्थ कहां है। औ वा विवेकता कहिये मोक्षका साधनरूप विवेक कहां है? ॥ १२ ॥

॥ १८८ ॥ [६३२]जीवन्मुक्तयोगीकूं कछु वी करनै योग्य नहीं है औ मनविषै कहीं वी अनुराग नहीं है। तौ वी इसका करना इहां जीवनके हेतु अदृष्टके अनुसारहीं होवैहै ॥ १३ ॥

॥ १८९ ॥ [६३३]सर्वसंकल्पोंकी सीमा कहिये आत्मज्ञानविषै विश्रांतिकूं प्राप्त भये महात्माकूं मोह कहां है। वा विश्व कहां है। वा ताका धन कहां है। वा मुक्तता कहां है? ॥ १४ ॥

॥ १९० ॥ [६३४]जिसनैं यह विश्व कहिये घटादिक देख्याहै। सो कदाचित् घटादिक नहीं है ऐसैं जानो। परंतु जो देखताहुया वी नहीं देखताहै। सो वासनारहित हुया क्या करताहै? प्रतियोगीके अभावतैं। कछु वी करता नहीं ॥ १५ ॥

६३६

॥ १९१ ॥ जिसनें न्यारा ब्रह्म देख्या है। सो "मैं ब्रह्म हूं" ऐसें चिंतन करें। औ जो द्वितीयकूं देखता नहीं। सो निश्चिंत हुया क्या चिंतन करेगा? कछु बी चिंतन करता नहीं ॥ १६ ॥

६३९

॥ १९२ ॥ जिसनें आत्माविषें विक्षेप देख्याहै। यह चित्त निरोधकूं करताहै। उदार कहिये आत्मदर्शी तौ विक्षेपकूं पाया नहीं। तब विक्षेपकी निवृत्तिरूप साध्यके अभावतें क्या करताहै? कहिये कैसें निरोधकूं करताहै ॥ १७ ॥

६४२

॥ १९३ ॥ धीर कहिये ज्ञानी लोकनविषें विक्षेपरहित औ प्रारब्धके वशतें लोककी न्यांई वर्तताहुया बी अपनें प्रति समाधिकूं नहीं देखताहै औ विक्षेपकूं नहीं देखताहै औ विक्षेपके किये लेपकूं नहीं देखता है१८

६४४
॥ १९४ ॥ जो ज्ञानी तृप्त औ भाव अ-भावतैं रहित औ वासनातैं रहित है। तिस लोकदृष्टिकरि करनैवालेनै वी कछु वी नहीं किया। अकर्ता आत्माके ज्ञानसैं कर्तापनैके अ-ध्यासकी निवृत्तितैं ॥ १९ ॥

६४७
॥ १९५ ॥ धीर कहिये ज्ञानीकूं प्रवृत्ति-विषै वा निवृत्तिविषै वा दुराग्रह नहीं है ॥ कैसे धीरकूं कि–प्रारब्धके वशतैं जब जो प्रवृत्त वा निवृत्त कर्म करनैकूं आवताहै तब ताकूं सुख जैसैं होवै तैसैं करिके स्थित होनैवालेकूं। प्रवृत्तिविषै वा निवृत्तिविषै दुराग्रह नहीं है ॥२०॥

॥ १९६ ॥ वासनारहित आलंबनरहित औ स्वतंत्र जो बंधनतैं मुक्त कहिये ज्ञानी। सो संस्कार कहिये प्रारब्धरूप पवनकरि प्रेऱ्या-हुया सूकेपत्रकी न्याई चेष्टा करताहै ॥२१॥

॥ १९७ ॥ संसाररहितकूं कहिये ज्ञानीकूं तौ कहां वी हर्ष नहीं औ खेद नहीं। याहीतें नित्य शीतलमनसहित हुया विदेहकी न्याई विराजताहै ॥ २२ ॥

॥ १९८ ॥ आत्माविषै है आराम जिसकूं। याहीतें धीर कहिये निश्चलचित्तवाले शीतल औ अतिनिर्मलमनवाले कहिये ज्ञानीकूं कहा वी त्यागकी इच्छा औ ग्रहणकी इच्छा वी नहीं है। वा कहां वी नाश कहिये अनर्थ वी नहीं है ॥ २३ ॥

॥ १९९ ॥ स्वभावसें विकाररहित चित्तवाले औ धीर औ अज्ञानीकी न्याई प्रारब्धके वशतें करनैवाले इस ज्ञानीकूं मान नहीं औ अपमान नहीं ॥ २४ ॥

॥ २०० ॥ ६७९ देहनैं यह कर्म किया। शुद्ध-रूप मैंनैं नहीं किया । ऐसी चिंताका अनुसारी जो है। सो करताहुया वी नहीं करता ॥ २५ ॥

॥ २०१ ॥ ६८१ जीवन्मुक्त। तिस किये कार्यकूं "मैं यह करूंगा" ऐसैं नहीं कहताहुयाहीं कार्यकूं करताहै तौ वी मूर्ख नहीं होवैहै । याहीतैं संसारके व्यवहारकूं करताहुया वी भीतर सुखी औ शोभावान है । यातैं शोभता-है ॥ २६ ॥

॥ २०२ ॥ ६८१ जातैं धीर कहिये ज्ञानी । नानाविचारतैं निवृत्त भयाहै । याहीतैं आत्माविषैहीं विश्रामकूं प्राप्त भया । याहीतैं संकल्पकूं करता नहीं। औ जानता नहीं। औ सुनता नहीं। औ देखता नहीं ॥ २७ ॥

॥ २०३ ॥ ^६६५^ज्ञानी। मुमुक्षु नहीं समाधिके न करनैतैं। औ बद्ध नहीं विक्षेप कहिये द्वैतभ्रमके अभावतैं ॥ तब कैसा है ज्ञानी कि:— "^६६६^यह सर्व कल्पित है" ऐसैं निश्चय करिके। पीछे बाधित भये प्रपंचकी प्रतीतिसैं देखताहुया बी महाशय कहिये निर्विकारचित्तवाला है। याहीतैं ब्रह्मरूपहीं स्थित होवैहै ॥ २८ ॥

॥ २०४ ॥ ^६७१^जाके अंतःकरणमैं अहंकारका अध्यास होवै । सो लोकदृष्टिसैं न करता- है तौ बी संकल्पकूं करताहै। औ अहंकार- रहित धीर कहिये ज्ञानीनैं *यद्यपि लोकदृष्टिसैं* किया तौ बी स्वदृष्टिसैं कछु बी नहीं किया२९

॥ २०५ ॥ ^६७४^मुक्तका चित्त विराजताहै कहिये केवल प्रकाशमानहीं है। काहेतैं कि:—जातैं उद्वेगकूं पावता नहीं द्वेषके अभावतैं । औ संतोषकूं पावता नहीं रागके अभावतैं । औ

कर्ताभावसैं रहित है औ संकल्पविकल्पतैं रहित है। औ आशारहित है। औ संदेहतैं रहित है। यातैं विराजताहै ॥ ३० ॥

६७८
॥ २०६ ॥ जिस ज्ञानीका चित्त। निष्क्रियभावकरि स्थित होनैकूं वा चेष्टा करनैकूं वी प्रवृत्त होता नहीं । किंतु यह ज्ञानीका चित्त निमित्त कहिये संकल्पतैं रहित हुया स्वरूपविषै निश्चल स्थित होवैहै। औ विविधचेष्टाकूं करताहै ॥ ३१ ॥

६७९
॥ २०७ ॥ मंद कहिये अज्ञानी यथार्थतत्त्वकूं श्रुतितैं सुनिके संशयविपर्ययकरि मूढताकूं पावताहै अथवा शास्त्रअर्थके साक्षात्कार अर्थ संकोच कहिये चित्तकी समाधिकूं पावताहै॥ कोईक अंतरतैं अमूढ वी बाहिरकी गतिसैं मूढकी न्याईं बाहिरके व्यवहारका कर्त्ता होवैहै ॥ ३२ ॥

॥ २०८ ॥ एकाग्रता वा निरोध मूढन-करि अत्यंत अभ्यास करियेहै । औ सुषुप्तिवान्की न्याई देहात्मबुद्धिसैं रहित होनैं-करि स्वस्वरूपविषै स्थित धीर कहिये ज्ञानी तौ पूर्वउक्त किसी वी कृत्यकूं देखते नहीं ३३॥

॥ २०९ ॥ मूढ जो है सो अप्रयत्नतैं वा प्रयत्नतैं परमसुखकूं पावता नहीं । औ प्राज्ञ जो है सो तत्त्वके निश्चयमात्रकरि कृतार्थ होवैहै ॥ ३४ ॥

॥ २१० ॥ तिसैं जगत्विषै अभ्यास-परायण जो जन हैं । वे शुद्ध बुद्ध कहिये चेतनरूप प्रिय पूर्ण निष्प्रपंच औ निरामय आत्माकूं नहीं जानतेहैं ॥ ३५ ॥

॥ २११ ॥ विमूढ जो है सो अभ्यासरूप कर्मसैं मोक्षकूं पावता नहीं । औ कोईक धन्य कहिये भाग्यवान् विज्ञानमात्रसैं अ-

विक्रिय कहिये अविद्याकामकर्मरहित औ याहीतैं मुक्त हुया स्थित होवैहै ॥ ३६ ॥

॥ २१२ ॥ मूँढ कहिये अज्ञानी जातैं चित्त-निरोधतैं ब्रह्म होनैकूं इच्छताहै। तातैं ब्रह्मकूं पावता नहीं। यह निश्चित है। औ धीर कहिये ज्ञानी न इच्छताहुया बी परब्रह्मके स्वरूपकूं भजता कहिये स्वस्वरूपसैं पावताहै ॥ ३७ ॥

॥ २१३ ॥ मूँढ अज्ञानी जे हैं। वे कारण-रहित दुराग्रहविषै संलग्न हैं । यातैं संसारके पोषण करनैवाले हैं। औ ज्ञानी-जनोकरि इस अनर्थरूप मूलवाले संसारके मूलका छेद कियाहै ॥ ३८ ॥

॥ २१४ ॥ मूँढं जातैं शम कहिये शांति-वान् होनैकूं इच्छताहै। यातैं शांतिकूं पावता नहीं। औ धीर कहिये ज्ञानी तत्त्वकूं निश्चय करिके सर्वदा शांतमनवाला है ॥ ३९ ॥

॥ २१५ ॥ ७०३ जांका देख्या दृश्यकूं विषय करताहै । ताकूं आत्माका दर्शन कहां है? कहां बी नहीं ॥ औ धीर जे हैं वे तिस तिस अंधकार दीपादिककूं देखते नहीं । किंतु अविनाशीआत्माकूं देखतैहैं ॥ ४० ॥

॥ २१६ ॥ ७०५ जो मूढ । चित्तके निरोधविषै दुराग्रहकूं करताहै । तिस मूढकूं कहां चित्तका निरोध है? कहां बी नहीं । अज्ञानिजननकूं समाधिकी निवृत्ति हुये चित्तके प्रसारणतैं ॥ औ आत्मारामधीरकूं सर्वदा यह चित्तका निरोध स्वाभाविक है ॥ ४१ ॥

॥ २१७ ॥ ७०६ कोईक नैयायिकादि भाव कहिये प्रपंचकी सत्ताका माननैहारा है । औ दूसरा शून्यवादी कछु बी नहीं ऐसैं माननैहारा है । कोईक आत्माके अनुभवकरि युक्त. दोनूं भाव—अभावका नहीं माननैहारा है ।

ऐसैंहीं दोनूं अभावकी भावनासैंहीं अव्याकुल स्वस्थचित्तवाला रहताहै ॥ ४२ ॥

॥ २१८ ॥ कुंबुद्धिवाले शुद्धअद्वैत-आत्माकूं भावना कहिये चिंतन करतेहैं परंतु जानते नहीं। मोहके होनेतैं। यातैं जहां-लगि जीवन है तहांलगि परमसंतोषतैं रहित हैं ॥ ४३ ॥

॥ २१९ ॥ मुमुक्षुकी बुद्धि। सधर्मक-वस्तुरूप आलंवन कहिये आश्रयविना नहीं होवैहै। औ मुक्तकी बुद्धि सर्वदा निराधार अरु निष्कामहीं होवैहै ॥ ४४ ॥

॥ २२० ॥ विषयरूप व्याघ्रकूं देखिके भयकूं पाये जो आत्माकी रक्षाके अर्थी कहिये मूढ। सो। तत्काल चित्तके निरोध औ एकाग्रताकी सिद्धिअर्थ गुहाके मध्यदेशके प्रति प्रवेश करतेहैं। ज्ञानी नहीं ॥ ४५ ॥

॥ २२१ ॥ वासनारहित पुरुषरूप केसरी कहिये सिंहकूं देखिके विषयरूप हस्ती असमर्थ हुये मौन जैसैं होवै तैसैं भागतैहैं। प्रियवादी पुरुषकी न्यांई हुये तिस निर्वासनिककूं ईश्वरकरि आकर्षित भये आपहीं आयके सेवतेहैं ॥ ४६ ॥

॥ २२२ ॥ निःशंक औ निश्चलमनवाला ज्ञानी । यमनियमादियोगक्रियाकूं आग्रहतैं धारण करता नहीं। किंतु जैसैं सुख होवै तैसैं लोकदृष्टिसैं देखताहुया। सुनताहुया। स्पर्श करताहुया । सूंघताहुया । खाताहुया। रहताहै ॥ ४७ ॥

॥ २२३ ॥ वस्तुके श्रवणमात्रसैं शुद्धबुद्धिवाला औ तातैं स्वस्वरूपमैं स्थित पुरुष। आचारकूं वा अनाचारकूं वा उदासीनताकूं देखता नहीं ॥ ४८ ॥

॥ २२४ ॥ जँवँ[७२४] जो शुभ वा निष्कर्म-पना वी अशुभकर्म करनैकूं आवताहै । तब ताकूं आग्रहरहित हुया करताहै । यातैं ताकी चेष्टा बालककी न्याई प्रारब्धसैं प्रेरी हुईहै । रागद्वेषके आधीन नहीं ॥ ४९ ॥

॥ २२५ ॥ स्वतंत्रतातैं[७२७] सुखकूं पावता-है । औ स्वतंत्रतातैं पर कहिये ज्ञानकूं पावता-है । औ स्वतंत्रतातैं परमसुखकूं पावताहै । औ स्वतंत्रतातैं परमपदकूं पावताहै ॥ ५० ॥

॥ २२६ ॥ पुरुष[७२९] जब अपनै आत्माके अकर्त्तापनैकूं औ अभोक्तापनैकूं मानताहै । तब सर्वचित्तवृत्तियां क्षीण होवैहैं ॥ ५१ ॥

॥ २२७ ॥ धीर[७३१] कहिये निस्पृहकी अवना-वटकी कहिये स्वाभाविक शांतिरहित वी स्थिति शोभतीहै ॥ मूढकी बनावटकी इच्छासहित चित्तकी शांति तौ नहीं शोभतीहै ॥ ५२ ॥

॥ २२८ ॥ [७३५] आसक्तिरहित मुक्तबुद्धि-वाले औ कल्पनारहित जे धीर। वे कवी महाभोगनकरि क्रीडा करतेहैं। औ कवी पर्वतके वनोके तांई प्रवेश करतेहैं ॥ ५३ ॥

॥ २२९ ॥ [७३६] धीर कहिये ज्ञानीकूं श्रोत्रिय कहिये पंडितके ताईं। देवताके ताईं औ तीर्थके ताईं पूजिके हृदयमैं कोई वी वासना नहीं होवैहै। औ स्त्रीके ताईं राजाके ताईं औ प्रिय कहिये पुत्रादिकके ताईं देखिके कोई वी कामनाके विषयरूप वस्तुकी वासना नहीं होवैहै ॥ ५४ ॥

॥ २३० ॥ [७३८] किंकर पुत्र स्त्रियां औ कन्याके पुत्र अरु गोत्रविषै उत्पन्न भये पुरुषकरि हसिके धिक्कारकूं पायाहुया योगी कहिये ज्ञानी किंचित् वी विकार कहिये चित्तके क्षोभकूं पावता नहीं। काहेतैं रागद्वेषके हेतु मोहके अभावतैं ॥ ५५ ॥

॥ २३१ ॥ लोकदृष्टिसैं[७४२] संतोषयुक्त हुया वी संतोषवान् नहीं। औ खेदकूं पाया-हुया खेदकूं पावता नहीं। तिस ज्ञानीकी तिस तिस आश्चर्यरूप दशाकूं तैसैं ज्ञानीहीं जानतैहैं ॥ ५६ ॥

॥ २३२ ॥ कर्त्तव्यताहीं[७४३] संसार है। ताकूं ज्ञानी देखतै नहीं। वे कैसे हैं किः— शून्यविषै है आकार जिनकूं औ याहीतैं निरा-कार औ निर्विकार औ संकल्परूप उपद्रवसैं रहित हैं ॥ ५७ ॥

॥ २३३ ॥ नहीं[७४४] करताहुया वी अज्ञानी सर्वठिकानैं संकल्पतैं एकाग्रतारहित होवै-है। औ लोकदृष्टिसैं कार्यनकूं करताहुया वी कुशल कहिये ज्ञानी निश्चित निश्चलचित्त-वाला होवैहै ॥ ५८ ॥

॥ २३४ ॥ प्रारब्धके वशतें व्यवहारके हुये वी शांतबुद्धिवाला कहिये ज्ञानी। आत्माका सुख जैसें होवै तैसें वैठताहै। औ सुखसें सोवताहै । औ सुखसें आवताहै। औ जाताहै। औ सुखसें बोलताहै । औ सुखसें खाताहै ॥ ५९ ॥

॥ २३५ ॥ व्यवहार करतेहुये जिस ज्ञानीकूं स्वभाव कहिये आत्मज्ञानके सामर्थ्यतें लोककी न्याई पीडा नहीं है । सो क्लेशरहित ज्ञानी। महाह्रद कहिये बडे जलके लड्डेकी न्याई क्षोभरहित हुया शोभताहै ॥६०॥

॥ २३६ ॥ मूढकी निवृत्ति वी प्रवृत्तिस्वरूप होवैहै औ ज्ञानीकी प्रारब्धतें प्रतीयमान प्रवृत्ति वी निवृत्तिके फल कहिये मुक्तिरूप परिणाम कहिये अंतवाली होवैहै ॥६१॥

॥ २३७ ॥ मूढ कहिये देहाभिमानीकूं धनगृहआदिकविषै बहुतकरिके वैराग्य देखियेहै । औ देहविषै गलित भईहै आशा जाकी ऐसै ज्ञानीकूं कहां राग है ? औ कहां विराग होवैगा ? ॥ ६२ ॥

॥ २३८ ॥ मूढकी दृष्टि सर्वदा भावनाविषै वा अभावनाविषै आसक्त कहिये लगीहै । औ स्वरूपविषै स्थित कहिये आत्मनिष्ठकी सो दृष्टि तौ दृश्यकी चिंतासैं युक्त देखियेहै । तौ बी दृश्यके दर्शनतैं रहितरूपवाली होवैहै ॥ ६३ ॥

॥ २३९ ॥ जो मुनि बालककी न्यांई निष्काम हुया सर्वआरंभनविषै वर्तताहै । तिस शुद्धकूं कर्मके कियेहुये बी लेप नहीं है ॥ ६४ ॥

७६३ ॥ २४० ॥ सोई आत्मज्ञानी धन्य है । जो सर्वपदार्थनविषै सम कहिये आत्मदर्शी है । औ याहींतें देखता सुनताहै । स्पर्श करता सूंघताहुया बी तृष्णारहित मनवाला है॥६५॥

७६४ ॥ २४१ ॥ आकाशकी न्यांई सर्वदा विकल्परहित धीर कहिये ज्ञानीकूं संसार कहिये प्रपंच कहां है ? औ आभास कहिये ताका भान कहां हैं ? स्वर्गादिकसाध्य कहां हैं ? औ यज्ञादिकसाधन कहां हैं ? ॥ ६६ ॥

७६६ ॥ २४२ ॥ सो अर्थ कहिये दृष्टअदृष्ट-फलका त्यागी औ याहीतें पूर्णस्वभाववाला है स्वरूप जाका । ऐसा जय कहिये सर्वसें उत्कर्षकूं पावताहै । सो कौन किः— जाका स्वाभाविक पूर्णस्वरूपविषै समाधि है सो।६७

७६९ ॥ २४३ ॥ इहां ज्ञानीविषै वहुतकहे लक्षणसैं क्या प्रयोजन है ? जातें ज्ञाततत्त्व

महाशय भोगमोक्षविषै इच्छारहित औ सदा सर्वत्र रस कहिये रागसैं रहित है ॥ ६८ ॥

॥ २४४ ॥ महत्तत्त्वादि जगद्रूप द्वैत नाममात्रकरि भिन्नकी न्यांई भासताहै। तहां कल्पनाकूं छोडिके स्थित भये शुद्धबोध-स्वरूपकूं क्या कृत्य कहिये कर्तव्य अवशेष रहताहै? कछु बी नहीं ॥ ६९ ॥

॥ २४५ ॥ अधिष्ठानके साक्षात्कार हुये यह सर्व भ्रमरूप "कछु बी नहीं है" ऐसैं निश्चयवाला औ अलक्ष्यके स्फुरणवाला औ याहीतैं शुद्ध जो है सो स्वभावसैं शांतिकूं पावताहै ॥ ७० ॥

॥ २४६ ॥ शुद्ध स्फुरणरूप औ दृश्य-भावकूं नहीं देखनेवाले ज्ञानीकूं विधि कहां है? औ वैराग्य कहां है? औ त्याग कहां है? वा शम बी करनैयोग्य कहां है? ॥ ७१ ॥

॥ २४७ ॥ अनंतरूपसैं प्रकाशमान औ प्रकृति कहिये कार्यसहित मायाकूं नहीं देखनैवालेकूं बंध कहां है? औ मोक्ष कहां है? वा हर्ष कहां है? वा खेद कहां है? ॥ ७२ ॥

॥ २४८ ॥ आत्मज्ञानरूप अंतवाले संसारविषै मायामात्र कहिये मायाविशिष्टचैतन्य विवर्तरूप कहिये कल्पितजगदाकार होवैहै। यातैं ज्ञानी ममतारहित है। औ अहंकाररहित है। औ निष्काम है। यातैं शोभताहै ७३

॥ २४९ ॥ अविनाशी औ संतापरहित-आत्माकूं देखनैवाले मुनिकूं विद्या कहिये शास्त्र कहां है? औ विश्व कहां है? वा देह कहां है? वा अहंममभाव कहां है? ॥ ७४ ॥

॥ २५० ॥ जैवं अज्ञानी चित्तनिरोध-आदिककर्मनकूं त्यागताहै। तब इसीहीं क्षणतैं आरंभकरिके मनोरथनकूं औ प्र-

लापनकूं करनैके लिये प्रवृत्त होताहै ॥७५॥

॥ २५१ ॥ मूर्ख तिस आत्मारूप वस्तुकूं सूनिके बी मूढताकूं त्यागता नहीं । यातैं प्रयत्नतैं बाहिरदृष्टिसैं व्यापाररहित हुया बी भीतर कहिये मनमैं विपयविषै लालसावाला होवैहै ॥ ७६ ॥

॥ २५२ ॥ जो ज्ञानतैं गलित कर्मवाला है । सो लोकदृष्टिसैं कर्मकूं करताहुया बी कछुबी करनैकूं वा बोलनैकूंहीं अवसर पावता नहीं ॥ ७७ ॥

॥ २५३ ॥ निर्विकार औ सर्वदा निर्भय ज्ञानीकूं अंधकार कहां है? वा प्रकाश कहां है? औ कछुबी त्याग कहां है? कछु बी नहीं ॥ ७८ ॥

॥ २५४ ॥ अनिर्वाच्यस्वभाववाले औ स्वभावरहित योगी कहिये ज्ञानीकूं धैर्य कहां

है ? वा विवेकीपना कहां है ? वा निर्भयता वी कहां है ? ॥ ७९ ॥

॥ २५५ ॥ ज्ञानीकूं स्वर्ग नहीं है । औ नरक नहीं है । औ जीवन्मुक्ति निश्चित नहीं है ॥ इहां वहुत कहनेसं क्या है ? ज्ञानी-कूं ज्ञानदृष्टिसें कछु वी नहीं है ॥ ८० ॥

॥ २५६ ॥ ज्ञानीका चित्त अमृत कहिये परमानंद करीहीं पूरित हुया शीतल है । यातें लाभके ताई प्रार्थना करता नहीं औ सुवर्णआदिकके अलाभकरि शोककूं करता नहीं ॥ ८१ ॥

॥ २५७ ॥ निष्काम कहिये ज्ञानी शांतियुक्तकूं स्तुति करता नहीं औ दुष्टकूं निंदता वी नहीं औ तृप्त हुया समान दुःख-सुखवाला होवैहै । औ निष्काम होनैतें किंचित् कृत्यकूं देखता नहीं ॥ ८२ ॥

॥ २५८ ॥ ज्ञानी। संसारके प्रति द्वेष करता नहीं औ आत्माके प्रति देखनैकूं इच्छता नहीं। किंतु हर्ष औ रोषतें रहित हुया मृतक नहीं औ जीवता नहीं ॥ ८३ ॥

॥ २५९ ॥ आशारहित ज्ञानी शोभता-है ॥ सो कैसा है किः–पुत्रदारादिकविषै स्नेह-रहित है। औ विषयनविषै निष्काम है। स्वशरीरविषै वी निश्चिंत है ॥ ८४ ॥

॥ २६० ॥ यथाप्रासकरि वर्त्तनैवाले औ स्वच्छंद कहिये अपेक्षारहित जैसैं होवै तैसैं प्रारब्धके वशतें नाना देशोंके प्रति विचरनै-वाले औ जहां सूर्य अस्तकूं पाया तहांहीं शयन करनैवाले धीर कहिये ज्ञानीकूं सर्वत्र तुष्टि कहिये आत्मसंतोष है ॥ ८५ ॥

॥ २६१ ॥ देह गिरो कहिये मरो । वा उदयकूं पावो कहिये जीवो । दोनूं भांतिसैं वी इस महात्मा कहिये ज्ञानीकूं चिंता नहीं है । कैसे महात्माकूं किः- निजस्वरूपमय भूमिविषै विश्रामकरि । विसर गयाहै सर्व संसार जिसकूं ॥ ८६ ॥

॥ २६२ ॥ केवल कहिये निर्विकारज्ञानी रमताहै ॥ कैसा है ज्ञानी किः- परिग्रहसैं रहित स्वच्छंद विचरनैवाला द्वंद्व कहिये सुखदुःखादिकसैं रहित संशयरहित औ सर्वपदार्थनविषै आसक्तिरहित है ॥ ८७ ॥

॥ २६३ ॥ ज्ञानी शोभताहै । जातैं ममतारहित है । औ समान है मट्टीका खडा औ सुवर्ण जिसकूं । ऐसा है ॥ औ भेदनकूं पायाहै हृदयग्रंथि जिसकूं । ऐसा है ॥ औ धोयाहै रजतम जिसनैं । ऐसा है ॥ ८८ ॥

॥ २६४ ॥ सर्वे विषयनविषै एकाग्रता-रहित किंचित् वासनातैं रहित हृदयविषै मुक्त कहिये कर्तृत्वअध्यासरहित है आत्मा जिसका । औ आत्माके आनंदकरि तृप्तकी किसके साथि तुलना होवैगी? ॥ ८९ ॥

॥ २६५ ॥ निर्वासनै कहिये ज्ञानीतैं अन्य ऐसा कौन है कि:— जो लोकदृष्टिसैं जानता-हुया वी नहीं जानताहै औ देखताहुया वी नहीं देखताहै औ बोलताहुया वी बोलताहै ॥ ९० ॥

॥ २६६ ॥ जो ज्ञानीकी श्रेष्ठअश्रेष्ठपदार्थ-नविषै शोभनअशोभनबुद्धि गलित भई-है । याहीतैं जो निष्काम है । सो भूपति है वा भिक्षु है । तौ वी शोभताहै ॥ ९१ ॥

॥ २६७ ॥ निष्कपट सरलरूप औ यदितार्थ नामवाले योगीकूं स्वतंत्रता कहां है? वा संकोच कहां है? वा तत्त्वका निश्चय कहां है? ॥ ९२ ॥

॥ २६८ ॥ आत्माविषै विश्रामकरि तृप्त आशारहित औ पीडारहित ज्ञानीकरि अंतरविषै जो अनुभव करियेहै सो कैसें किस अधिकारीकूं कहियेहै ॥ ९३ ॥

॥ २६९ ॥ धीर कहिये ज्ञानी । सुषुप्तिके हुये बी सुषुप्तिवान् नहीं औ स्वप्नके हुये बी सोया नहीं औ जाग्रत्के हुयेबी जागता नहीं । यातें पदे पद कहिये क्षणक्षणविषै तृप्त है ॥९४॥

॥ २७० ॥ ज्ञानी । चिंतासहित बी निश्चित है । औ इंद्रियसहित हुया बी इंद्रियरहित है । औ बुद्धिसहित हुया बी बुद्धिरहित है । औ अहंकारसहित हुया बी

अहंकाररहित है ॥ ९५ ॥

॥ २७१ ॥ ज्ञानी सुखी नहीं औ दुःखी नहीं । वा विरक्त वा संगवान् नहीं औ मुमुक्षु नहीं वा मुक्त नहीं औ किंचित् नहीं औ कछु वी नहीं ॥ ९६ ॥

॥ २७२ ॥ धन्य कहिये ज्ञानी । विक्षेपके हुये वी विक्षेपवान् नहीं । समाधिके हुये वी समाधिवान् नहीं । जडताके हुये वी जड नहीं औ पंडितताके हुये वी पंडित नहीं ॥ ९७ ॥

॥ २७३ ॥ मुक्त । जातैं यथाप्राप्त-स्थितिके हुये वी स्वस्थचित्तवाला है । तथा कीये औ करनैके कर्मविषै संतोषवान् है । औ सर्वत्र सम है । यातैं तृष्णाके अभावतैं यह नहीं कीया औ कीया । ऐसैं स्मरण करता नहीं ॥ ९८ ॥

॥ २७४ ॥ वंदनोंकूं पायाहुया प्रसन्न होता नहीं औ निंदाकूं पायाहुया कोपकूं करता नहीं औ मरणके समीपस्थित हुये उद्वेगकूं पावता नहीं औ जीवनके हुये संतोषकूं पावता नहीं ॥ ९९ ॥

॥ २७५ ॥ शांतबुद्धिवाँलापुरुष। जनोंकरि व्याप्त देशके प्रति औ वनके प्रति दौडता नहीं । किंतु जैसेंतैसं जहांतहां समहीं स्थित होवैहै ॥ १०० ॥

इति श्रीपंडितपी० निरचितानामष्टावक्रगीताटीकायां शांतिशतक नामाष्टादशकं प्रकरणं समाप्तम् ॥१८॥

अथ आत्मविश्रांत्यष्टकं नाम एकोनविंशतिकं प्रकरणं ॥ १९ ॥

॥ दोहा ॥

साध्य रु साधनरूपसैं गुरुमुख जाने ज्ञान ।
आतममैं विसांति शिष कहे अष्टकरि आन ॥१॥

॥ २७६ ॥ [८५४]हे गुरो ! मैंनैं आपतैं तत्त्वज्ञान-रूप सांडसी कहिये पकडनैके साधनरूप चिंमटेके सदृश लोहके शस्त्रकूं लेके अपनैं हृदयसहित नानाप्रकारके विचाररूप कीलमका उद्धार किया ॥ १ ॥

॥ २७७ ॥ [८५७]स्वमहिमामैं स्थित भये मुज-कूं धर्म कहां है? औ काम कहां है? वा अर्थ कहां है? औ विवेक कहां है? औ द्वैत कहां है वा अद्वैत कहां है? । अद्वैतकूं द्वैतकी अपेक्षा-सहित होनैंकरि अस्वाभाविक होनैंतैं ॥ २ ॥

॥ २७८ ॥ [८६०]नित्य स्वमहिमामैं स्थित भये मुजकूं भूत कहां है? वा भविष्य कहां है? वा वर्तमान बी कहां है? वा देश कहां है? ॥३॥

॥ २७९ ॥ [८६२]स्वमहिमामैं स्थित भये मुज-कूं व्याप्यकी अपेक्षा करिके कहियेहे ऐसा आत्मा कहिये व्यापक कहां है? औ अनात्मा

कहां है? वा शुभ कहां है? तथा अशुभ कहां है? औ चिंता कहां है? वा अचिंता कहां है? ४

॥ २८० ॥ स्वमहिमामें स्थित भये मुजकूं स्वप्न कहां है? वा सुषुप्ति कहां है? औ जागरण कहां है? तथा तीनके अभावतें तुरीय अवस्था वी कहां है? वा भयआदिक अंतःकरणका धर्म वी कहां है? ॥ ५ ॥

॥ २८१ ॥ स्वमहिमामें स्थित भये मुजकूं दूर कहां है? वा समीप कहां है? वा वाहिर कहां है? वा भीतर कहां है? वा स्थूल कहां है? वा सूक्ष्म कहां है? ॥ ६ ॥

॥ २८२ ॥ स्वमहिमामें स्थित भये मुजकूं मृत्यु कहां है? वा जीवित कहां है? वा भूआदिकसप्तलोक कहां हैं? वा लौकिककार्य कहां है? वा लय कहां है? वा समाधि कहां है? ॥ ७ ॥

॥ २८३ ॥ आत्माविषै विश्रांत कहिये स्थित भये मुजकूं त्रिवर्ग कहिये धर्मअर्थ-कामकी कथाकरि बहुत भया औ योगकी कथाकरि बी बहुत भया औ ज्ञानकी कथा-करि बी बहुत भया ॥ ८ ॥

इति श्रीपंडितपीतांवरविरचितायामष्टावक्रगीताभाषाटीकायां आत्मविश्रांत्यष्टकं नामैकोनविंशतिकं प्रकरणं समाप्तम्॥१९॥

अथशिष्यप्रोक्तंजीवन्मुक्तिचतुर्दशकं नाम विंशतिकं प्रकरणं ॥ २० ॥

॥ दोहा ॥

आतमस्थिति फल विदुषककी प्रकृती मुक्तिसमेत।
जीवन्मुक्ति दसा कहे सिष चवदस करि वेत॥१॥

॥ २८४ ॥ निरंजनरूप मेरे स्वरूपविषै भूत कहिये आकाशादिक कहां है ? वा देह कहां है ? वा इंद्रिय कहां हैं? वा मन कहां है ? वा शून्य कहां है? औ नैराश्य कहिये आशाका

अभाव बी स्वाभाविक कहां है? ॥ १ ॥

॥ २८५ ॥ सँदा द्वंद्वरहित मुजकूं शास्त्र कहां है? वा आत्मज्ञान कहां है? वा निर्विषयमन कहां है? वा तृप्ति कहां है? वा तृष्णारहितता कहां है? ॥ २ ॥

॥ २८६ ॥ मुंजविषे विद्या कहां है? औ अविद्या कहां है? वा अहं कहिये अहंकार कहां है? वा इदं कहिये बाह्यवस्तु कहां है? वा मम कहिये मेरा कहां है? औ बंध कहां है? वा मोक्ष कहां है? औ निर्विशेष स्वरूप मुजकूं धर्मवार्ता कहां है? ॥ ३ ॥

॥ २८७ ॥ सर्वदा निर्धर्मक मुजकूं प्रारब्धकर्म कहां है? वा जीवन्मुक्ति बी कहां है? वा सो विदेहमुक्ति कहां है? ॥ ४ ॥

॥ २८८ ॥ सँदा स्वभावरहित मुजकूं कर्ता कहां है? औ भोक्ता कहां है? वा क्रिया-

रहितता कहां है ? वा स्फुरण कहां है ? वा अपरोक्ष कहिये वृत्तिरूप ज्ञान कहां है ? वा फल कहिये विषयाकारवृत्तिअवच्छिन्न चैतन्य कहां है ? ॥ ५ ॥

॥ २८९ ॥ आत्मारूप अद्वैतस्वस्वरूपके होते लोक कहां है ? वा मुमुक्षु कहां है ? वा योगी कहां है ? वा ज्ञानवान् कहां है ? औ बद्ध कहां है ? वा मुक्त कहां है ? ॥ ६ ॥

॥ २९० ॥ आत्मारूप अद्वैत स्वस्वरूपके होते । सृष्टि कहां है ? औ संहार कहां है ? औ साध्य कहिये फल कहां है ? औ साधन कहां है ? औ साधक कहां है ? वा सिद्धि कहां है ? ॥ ७

॥ २९१ ॥ सदानिर्मलरूप मुजकूं प्रमाता कहां है ? वा प्रमाण कहां है ? औ प्रमेय कहां है ? औ प्रमा कहां है ? औ किंचित् कहां है ? वा नकिंचित् कहां है ? ॥ ८ ॥

॥ २९२ ॥ सर्वदा क्रियारहित मुजकूं विक्षेप कहां है? औ एकसत्ता कहां है? औ बोध कहां है? औ मूढता कहां है? औ हर्ष कहां है? वा खेद कहां है? ॥ ९ ॥

॥ २९३ ॥ सर्वदा विशेषतें वृत्तिशून्य मुजकूं यह व्यवहार कहां है? वा सो परमार्थता कहां है? औ सुख कहां है? वा दुःख कहां है? ॥ १० ॥

॥ २९४ ॥ सर्वदा निर्मलरूप मुजकूं माया कहां है? औ संसार कहां है? औ प्रीति कहां है? वा विरति कहिये अप्रीति कहां है? औ जीव कहां है? औ सो ब्रह्म कहां है? ॥ ११

॥ २९५ ॥ कूटस्थ कहिये क्रियारहित औ निर्विभाग कहिये भेदरहित औ सर्वदा स्वस्थरूप मुजकूं प्रवृत्ति कहां है? वा निवृत्ति कहां है? औ मुक्ति कहां है? औ बंधन कहां है?॥१२॥

॥ २९६ ॥ निरुपाधिक शिव कहिये कल्याणरूप मुजकूं उपदेश कहां है? वा शास्त्र कहां है? औ शिष्य कहां है? वा गुरु कहां है? वा पुरुषार्थ कहिये मोक्ष कहां है? ॥ १३ ॥

॥ २९७ ॥ मुजकूं अस्ति कहां है? वा नास्ति कहां है औ एक कहां है अरु दो कहां हैं? इहां बहुत कहनेसें क्या है:—मुज एकरस चेतनकूं कछु बी प्रकाशता कहिये भासता नहीं ॥ १४ ॥

इति श्रीपंडितपीतांबरविरचितायामष्टावक्रगीताभाषाटीकायां शिष्यप्रोक्तं जीवन्मुक्तिचतुर्दशकं नाम विंशतिकं प्रकरणं समाप्तम् ॥ २० ॥

॥ अथ संख्याक्रमव्याख्यानं नाम एकविंशतिकं प्रकरणं ॥ २१ ॥

॥ दोहा ॥

संख्यमैं मति सुकरता । जानि ग्रंथका स्पष्ट ।
श्लोक सु संख्यापूर्व कहि । अनुक्रमनिका स्पष्ट ॥

॥ २९८ ॥ षोडशश्लोक गुरुके उपदेशरूप प्रथमप्रकरणविषै हैं । औ पचीसश्लोक । शिष्य-प्रोक्त आत्मानुभवोल्लासरूप द्वितीयप्रकरण-विषै हैं । औ चतुर्दशश्लोक गुरुप्रोक्त आक्षेप मुद्राकरि उपदेशनामक तृतीयप्रकरणविषै हैं॥ १॥

॥ २९९ ॥ षट्श्लोक शिष्यप्रोक्त अनुभव-उल्लासनामक चतुर्थप्रकरणविषै हैं । औ च्यारीश्लोक गुरुप्रोक्त लयनामक पंचमप्रक-रणविषै होवैहैं ॥ फेर च्यारी श्लोक । गुरु-प्रोक्त प्रतिवादीकरि सिद्ध लयके निषेधके उपदेश नामक षष्ठप्रकरणविषै हैं । औ श्लोकनका पंचक शिष्यप्रोक्त अनुभव नामक सप्तमप्रकरण-विषै होवैहैं । औ श्लोकनका चतुष्क गुरुप्रोक्त बंधमोक्षनामक अष्टमप्रकरणविषै होवैहैं ॥ २ ॥

॥ ३०० ॥ गुरुप्रोक्त निर्वेद नामक नवम-प्रकरणसहित गुरुप्रोक्त उपशमनामक दशम-

प्रकरणविषै औ गुरुप्रोक्त ज्ञाननामक एकादश-प्रकरणविषै औ शिष्यप्रोक्त एवमेवनामक द्वादशप्रकरणविषै श्लोकनका अष्टक होवैहै। औ शिष्यप्रोक्त यथासुखनामक त्रयोदश-प्रकरणविषै श्लोकनका सप्तक होवैहै। औ शिष्यप्रोक्त शांतिनामक चतुर्दशप्रकरणविषै श्लोकनका चतुष्क होवैहैं ॥ ३ ॥

॥ २०१ ॥ [१५७] वीसश्लोक। गुरुप्रोक्त तत्त्वोपदेशनामक पंचदशप्रकरणविषै होवैहैं। औ दशश्लोक। गुरुप्रोक्त विशेषज्ञानोपदेशक नाम षोडशप्रकरणविषै होवैहैं। औ वीस-श्लोक। गुरुप्रोक्त तत्त्वज्ञस्वरूपउपदेश नामक सप्तदशप्रकरणविषै होवैहैं औ गुरुप्रोक्त शम कहिये शांतिनामक अष्टादशप्रकरणविषै श्लोकन-का शतक होवैहैं ॥ ४ ॥

॥ ३०२ ॥ शिष्यप्रोक्त आत्मविश्रांतिनामक एकोनविंशतिप्रकरणविषै श्लोकनका अष्टक है। औ शिष्यप्रोक्त जीवन्मुक्तिनामक विंशतिप्रकरणविषै चतुर्दश श्लोक हैं। औ गुरुप्रोक्त संख्याक्रमके विज्ञान नामक एकविंशतिप्रकरणविषै षट् श्लोक हैं। तिसके पीछे उक्त-षट्श्लोकनके मध्यअंतके श्लोककरि एकविंशति-खंड औ श्लोकनकरि ग्रंथकी एकरूपता कही-है ॥ ५ ॥

॥ ३०३ ॥ एकविंशति खंडनकरि औ तीनसैं दो ३०२ श्लोकनकरि अवधूतकी अनुभूतिरूप या ग्रंथकी संख्याके क्रमवाले ये श्लोक कहे। यद्यपि इस अंतके श्लोककरि या ग्रंथके ३०३ श्लोक हैं। तथापि दशमपुरुष-की न्याईं यह श्लोक आपकूं छोडिके अन्योकी

परिगणना करताहै । यातें ३०२ कहेहैं ॥ ६ ॥

इति श्रीमद्बापुसद्गुरुपूज्यपादशिष्यपीतांबराव्हविदुषा विर-
चितायामष्टावक्रगीताभाषाटीकायां संख्याक्रमव्याख्यानं
नामैकविंशतिकं प्रकरणं समाप्तम् ॥ २१ ॥

॥ समाप्तेयमष्टावक्रगीता ॥

॥ ॐ गुरुदेवाय नमः ॥

॥ श्रीआधुनिकविद्याविलास ॥

॥ मनहर छंद ॥

ईथरसैं नेब्युला रु सूर्य तारा ग्रह चंद्र ।
अनंत अचेतन रु चेतन विकार है ॥
देश-काल-कारण रु कार्यकी प्रतीति होत ।
फेरि कार्य कारणमैं होत तदाकार है ॥
ऐसै चक्र-भ्रमण अनादि भासमान होत ।
ताहिमैं असार ग्रही भ्रमत गमार है ॥
साररूप आपकूं पिछानीके कृतार्थ होत ।
निराकार आतमा असंग निर्विकार है ॥१

१ संपूर्ण अवकाश विषै पूर्ण मान्या पदार्थ ॥
२ जीवनरहित ॥ ३ जीवनयुक्त ॥

तारे⁴ सर्व सूर्य हैं फिरत अतिवेगमांहि ।
सूर्यकूं प्रदक्षिणा अनेकग्रह करैहैं ॥
ग्रहपर चेतन अचेतन उपजिकरि ।
अहार विहार भोग वश भय धरैहैं ॥
स्वप्नव्यवहारविषै अज्ञतासैं निशदिन ।
विचरै विचारविना अंतकाल हरैहैं ॥
सर्वदृश्य हेतुविना होतहै अदृश्य पुनि ।
दृश्यभ्रम⁵ भ्रमहीन-आतमामैं ठरैहैं ॥ २
जीवत जगत लेश सूर्यके प्रकाशकरि ।
उष्णतासैं होत जडचेतन व्योहार है ॥
काष्ट तैल दीपनकी अग्नि सूर्यके प्रभाव ।
देहकी वी उष्णता तौ सूर्यके आधार है ॥

४–अष्टग्रहनकूं छोडिके जितनैं तारे आकाशविषै प्रतीत होवैहैं । वे सर्व ॥
५–दृश्यभ्रमका अंत होवैहै ॥

सूर्य औ प्रकाश अरु उष्णतादि जानत न-
आपकूं न अन्यकूं वे निश्चे जडाकार है॥
जीव शीव सूर्य तेज धूप आदि ये प्रपंच
आत्मज्योतिके प्रभाव होत तदाकार है॥२

सूर्यनकी दुर्विनसैं कोटितैं गिनति होत।
फोटोग्राफसैं अनेक अन्यकोटी जानिये॥
पृथ्वीसैं असंख्यपुट-योजनके देशमांहि।
भ्रमत अपार सूर्य चंद्र ग्रह मानिये॥
निजाकर्षवलकरि खींचत परसपर।
यह विधि-वश जड-गतिहीं प्रमानिये॥
तथापि ये कथा सर्व मेरिहीं है कल्पनासैं।
मैंहीं आत्मदेव जानि भ्रांति सद्य भानिये४

तेजवेग पलमांहिं एकलक्ष ऐंसीसत्र-
मैल चलै ऐसै गिन्यो खगोलके ज्ञानतैं॥

सूर्यतेज अष्टपल-मांहि आवै भूमिपर ।
अन्यसूर्यतेजकूं अनेक[६]वर्ष मानतैं ॥
दोहज़ारवर्ष पीछे तेज आवै ऐसै सूर्य
गिनेहैं सो लोप भये वँर्ष तेते जानतैं ॥
देश है अगाध अरु सूर्य हैं असंख्य तातैं
ज्ञानरूप मैंहीं जानि माया सद्य भानतैं॥५
जगत केलाइडोसकोप सम देखियत ।
तेजवेग ईथरमैं लहरि लहंत है ॥

६–अन्यसूर्य ऐसै हैं कि तिनके प्रकाशकूं पृथ्वीपर आनैकूं अनेकवर्ष लगैहैं ॥

७–कितनेक सूर्य ऐसै दूर हैं कि तिनका प्रकाश पृथ्वीपर दोहजारवर्षसैं आवताहै । तातैं तैसै सूर्यनका लोप । लोप भये पीछे दोहजारवर्षसैं ज्ञात होवैहै ॥

८–एक नलिकाविषै आदर्शकी तीनपटी औ रंग-रंगके काचकी कितनीक छोटी टुकडीयां राखीके तामैं देखनैसैं अनेक सुंदर चित्रविचित्र आकृतियां

वेगके प्रभाव तेज । तेजके प्रभाव वेग ।
  इनके प्रभाव वहु नेव्युलि कहंत हैं ॥
नेव्युलिसें सूर्य ग्रह चंद्र पृंछतारे होत ।
  ग्रहोंपर वृक्ष आदि जंतु तौ रहंत हैं ॥
फेरि वेग तेजसें वे ईश्वरस्वरूप होत ।
  यही इंद्रजालबाजी जानें सोहीं संत हैं ॥६
खगोलमें गिन्यो पृथिव्यादियुक्त-सूर्य चार-
  लक्षमेल एकऔर प्रतिदिन धावैंहैं ॥
काल पाई अन्यसूर्य-साथि भुटकाइ करि ।
  पृथिव्यादि वे संघात चूर्ण होई जावैंहैं ॥
ऐसें भयो चूर्ण पुनि अन्यकोई सूर्यमांहि
  मिलिजाय संभव खगोल ग्रंथ गावैंहैं ॥

दिखतीहैं औ ये नलिकाकूं फिरानेसें पलपलमें नवीनसुंदरआकृतियां होवैंहैं ॥ यह नलिकाकूं "केलाइडोसकोप" कहैहैं ॥

सूर्यआदि सर्व शीत होई तेज त्यागे तातैं।
विनाशी आडंबर ये तुच्छ नाम पावैहै॥ ७
स्वप्नविषै स्वप्न सत्य होत जागेतैं असत्य।
जागृत असत्य पुनि ज्ञानके प्रभावतैं॥
नित्य-सत्य आत्मदेव अन्य हैं असत्य एव।
ऐसो ज्ञान होत है विचारके प्रभावतैं॥
स्वप्नके पदारथमैं देशकालकृत भेद।
तैसो भेद जागृतमैं देशकाल भावतैं॥
तथापि मैं-सत्यविषै इहां उहां भेद कहां।
अचल अखंड देशकालके अभावतैं॥८
गतिविना देश नहीं देश विना गति नहीं।
उभयकी अस्ति स्पर्श आदि करी भई है॥
गति-ज्ञानके अधीन काल अरु देश ज्ञान।
वस्तुमति गतिमति प्रतिक्षण नई है॥
गतिकरि अन्यगति कैसैं उतपन्न होत।
शक्तिकरि गति कहैं शक्ति कहां रई है॥

शक्तिका स्वरूप सिद्ध होत नहीं कदाचित।
यातें देश काल गति शक्ति मनोमयी है॥९

भूत वा भविष्यका विचार वर्त्तमानविषें
होत तातें भूत औ भविष्य जूठ मानिये॥

वर्त्तमानका प्रमाण सूक्ष्म क्षणअंशसें वी।
चित्तसें न ग्राह्य होत तथापि वखानिये॥

गतिविना कालकी न मति होत कदाचित।
यातें काल वस्तु नहीं कल्पनाहीं जानिये॥

इंद्रियसें गतिज्ञान गतिसेंहीं कालज्ञान।
ज्ञानका प्रकाशक मैं अन्य न प्रमानिये१०

देश-काल-कारणकी वस्तुता तौ लेश नहीं।
मनोमात्र-कल्पना है निर्विवाद भया है॥

९—आधुनिक युरोपवासी विद्वान अवकाश औ कालकी वस्तुताका निषेध करैहैं॥

ताकी सत्यानंतता तौ भासत है भ्रांतिकरि ।
इनके असत्य किये दृश्यमात्र गंया है ॥
प्रतिपल स्मृतिसंग दृश्य तौ प्रकट होत ।
जागृत-जगत सर्व स्वप्नवत नया है ॥
इनको प्रकाशक है सर्वदा अखंड एक ।
जामैं लेश देश काल कारण न रह्या है॥११
नरनारी उभयके दोनुं-जंतु गर्भमांहि ।
क्रिया करी मूल जातिके समान होत हैं ॥
जलचर थलचर व्योमचर प्राणिनमैं ।
वृक्ष पुष्पमैं बी क्रियाविधि यही प्रोत है॥
जंतुविना जंतुका न होत जन्म कहुं कदा ।
तथापि ये इंद्रजालसैं न न्यून पोत है ॥
इसी इंद्रजालमांहि मनुष्यशरीर करि ।
तत्त्वके विचार किये प्राप्त आत्मज्योत है॥

१०–देश-काल-कारणकी असत्यता सिद्ध होनेतें दृश्यमात्रकी असत्यता सिद्ध होवैहै ॥

[11]एमिबा समान अतिसूक्ष्म जंतु कोटिनसैं-
मिलिके शरीरसर्व जगतमैं आवैहैं ॥
मांस रु रुधिर हाड आदि सर्वभाग इन-
जंतुनसैं निशदिन वनि नाश पावैहैं ॥
अनुमान प्रतिसप्त-वर्षमैं नवीन देह-
होवै तामैं जंतु प्रति-क्षण आवै जावैहैं ॥

११—एमीबा। अतिसूक्ष्मजंतुनकी जातिका नाम है॥ यह जंतुकूं अन्यप्राणिनकी न्यांई हस्तपादमस्तकआदिक-अव्यव हैहीं नहीं। मात्र मुरब्बे जैसा एक अतिसूक्ष्मबिंदु-रूप है। सो सूक्ष्मदर्शकयंत्रविना देखनैमैं आवता नहीं॥ थोडेक्षण सिवाय सर्वदा इसकी आकृति बदलती रहतीहै॥ अपनै शरीरकूं लंबा टूंका करताहै औ तिसकूं-हीं अनेकअसमानअंगुलियांजैसी आकृतिरूपसैं निकाली-के अतिसूक्ष्मभोजनकूं ग्रहण करताहै ओ मलत्यागादि-क्रियाकूं करताहै॥ इत्यादि इनकी चेष्टा स्वाभाविकबुद्धि (इन्स्टिक्ट)पूर्वक देखनैमैं आवतीहै॥

प्रतिएक सूक्ष्मजंतुकी है व्यष्टि तासु बनै-
अनंत जो विश्व सो विराटदेह गावैहैं १२
अतिसूक्ष्म जंतुकरि होवत अनेक जंतु ।
अगिनित जंतुका शरीर-एक कहैहैं ॥
जंतुनके जन्म अरु मृत्युका प्रवाह जल-
थल-वायु-देहविषै सिंधुसम वहैहै ॥
तामैं हर्ष शोक हानि वृद्धि मूर्खतासैं मानि।
प्राणि सर्व पची पची दुःखकूंहीं सहैहै ॥
एकहीं अज्ञान गये जन्म अरु मरणकी-
घटमाल स्वप्नवत आतमामैं लहैहै॥१४॥
शरीरसैं वाह्य वृत्ति वस्तुके समान होत
ऐसी शास्त्रविषै यदि प्रक्रिया दिखात है॥
तथापि प्रकाश-दृष्टि-शब्द-स्पर्शके नियम
लखी ग्रंथ-आधुनिक [१३]औरहीं सिखात है॥

१२-पदार्थमात्रकी प्रतीति शरीरसैं वाह्य नहिं है।
ऐसा बोध करतैहै ॥

शरीरसें बाह्य कोइ वस्तुकी प्रितीति नहीं ।
ऐसें मानें मनोमय जगत लिखात हैं ॥
यातें यह प्रक्रिया है श्रेष्ठ सो समुजीकरि ।
कल्पितका अधिष्ठान आतमा विख्यात है॥
अंतःकरण-वृत्ति विना कोइ सृष्टि नहीं ।
प्राणिमात्र वृत्तितंहीं सृष्टिकूं वनावेंहैं ॥
आपकृत सृष्टि आपहीं यथार्थ जानि सकें ।
अन्य नहीं जानें अनुमान करी गावेंहैं ॥
क्षण क्षण सृष्टि होत तातें क्षणभंगुर है ।
तामें सुखदुःख मानि क्षोभ सठ पावेंहैं ॥
वृत्ति अरु ताकी सृष्टि स्वप्नवत् जानि संत
ज्ञानतेज करि भव-जालकूं जलावेंहैं ॥ १६
आतमा अनातमाका भेद तौ शरीरकरि ।
शरीरके बाधतें न आतमा अनातमा ॥
प्रपंचका बाध होत शरीरके बाधसाथि ।
शेष रह्या बाधक अबाध्य परमातमा ॥

शरीरमैं आत्मबुद्धि बालपनमांहि भई ।
ताके पीछे शरीरहीं दृढ भया आतमा॥
गुरुमुख-श्रवण मनन निदिध्यास किये ।
भ्रांति भंग होय तब होवत चिदातमा१७
सूर्य ग्रह चंद्र अरु प्राणधारि आदिसर्व-
अनंत उपजि स्थिति पाय होत नाश है॥
इंद्रियके पंचकसैं बुद्धिमैं प्रतीति होय ।
तामैं हेतु भाषा अरु बालपनाभ्यास है ॥
भाषाकी विस्मृति भये जगत-प्रतीति कहां?
कहां जीव कहां शीव कहां अन्य भास है?
भाषा मन इंद्रिय जगत आदि इंद्रजाल
भाव वा अभाव ज्ञानरूपके प्रकाश है॥१८
बाह्यवस्तु-स्थितिविषै सत्यताकूं मानि जन।
जानत न भ्रांतिमय मनको विकार है॥
सत्य वा असत्य कहो सार वा असार कहो।
जोइ कछु कहियें सो मनको चितार है॥

जीव कहो शीव कहो और वी वनाय कहो ।
वाणिका विषय सदा मनोमयाकार है॥
सर्वका निषेध "नेति नेति" करी होइ जात ।
एक न निषेध होत जो निषेधकार है॥१९
जो जो उतपन्न होत सो अवश्य नाश होत ।
नेब्युली रु सूर्य चंद्र ग्रहापा विनाश जूं॥
जलचर थलचर नभचर आदि जंतु ।
जन्म धरी स्थिति करी मरी होय नाश जूं॥
ऐसो दृष्टनष्ट जग देखत सकल जन ।
तथापि करत क्रिया धारि दीर्घ आश जूं॥
उतपति स्थिति नाश मनकरि मानीयत ।
स्वप्नवत होत आत्मदेवविषै भास जूं॥२०
मनके जागै जगत सोवै तौ सोवै जगत ।
एसो अनवय-व्यतिरेक निरधारिये ॥
सुखदुःख शंका समाधान तर्क वितर्क रु
बंधमोक्ष मनकरि तातैं मन मारिये॥

जागृत सुषुप्ति स्वप्न दशा मनकरि होत ।
क्षणक्षण परिणामि मन-मूल जारिये ॥
भ्रम मन-मूल ज्ञान-अग्निकरि जरि जात ।
ज्ञानरूप आतमामैं भ्रम कहां धारिये॥२१
जैसा जाका निश्चय है तैसा ताकूं भासत है
अनिरवचनीय मुमुक्षु जग जानैंहैं ॥
अज्ञ ताकूं सत्य मानैं ज्ञानि ताकुं तुच्छ जानैं ।
बंध मानैं बद्ध कोइ मोक्षकूंहि मानैंहैं ॥
द्वैतमत-वादिनकूं द्वैतहीं प्रतीत होत ।
वेदांतानुयायी तौ अद्वैतकूं बखानैंहै ॥
द्वैत दुःख-मूल सुखरूप मायाकरि भासैं ।
तामैं कोइ कदाचित तत्त्वकूं पिछानैंहै २२
शरीरसैं भिन्न मन शास्त्रनैं कथन कियो ।
ताहिमैं विवाद विद्या-आधुनिक करैंहै ॥
भौतिकता मनकी वेदांत शास्त्र मानतहै ।
यातैं कोइ आग्रहसैं कहो कहा सरैंहै ॥

कोइ तौ कहत मन मगजकी किया मात्र ।
कोइ ताकूं शरीरकी किया कही ठेरहे ॥
मनकूं अवस्तु जानें जगत अवस्तु होत ।
वस्तुकूं प्रमानि ज्ञानि आनंदमें ठेरहे २३
ईशकृत सृष्टि सर्वकूं समान भासमान ।
तामें सुख दुःखका तौ लेश नहीं जानिये॥
जीवकृत सृष्टि सो तौ जीव प्रतिक्षण रचै ।
तामें सुखदुःख बंधमोक्ष आदि मानिये॥
तातें सुखदुःख बंधमोक्ष द्वंद जीवकृत ।
ऐसें दृढ मनमें विचारिके प्रमानिये ॥
ईशसृष्टि जीवसृष्टि विषै तुच्छदृष्टि करी ।
ब्रह्मरूप मेरेविषै स्वप्नसम गानिये ॥२४॥
नाम-दृष्टि रूप-दृष्टि यही दृष्टि-सृष्टि जानि।
ताकूं स्वप्नसृष्टि जानि शांत चित्त धारहु॥
मैं तौ ब्रह्म मेरेविषै सृष्टि नाहिं दृष्टि नाहिं।
भासै मृगजलवत मिथ्या मानी वारहु॥

यह दृष्टि व्यतिरेकी अन्य अनवयी दृष्टि ।
कल्पितकी सत्ता अधिष्ठान यही सारहु॥
शरीफादि नामरूपका यथार्थरूप उक्त-
रीति ब्रह्म-आत्मरूप लखी पाय पारहु२५

॥ इति श्रीआधुनिकविद्याविलास समाप्त ॥

॥ श्रीपंचदशीके प्रस्ताविकश्लोक ॥

मायाविद्ये विहायैवमुपाधी परजीवयोः ।
अखंडं सच्चिदानंदं परं ब्रह्मैव लक्ष्यते॥४८॥
चोद्यं वा परिहारो वा क्रियतां द्वैतभाषया ।
अद्वैतभाषया चोद्यं नास्ति नापि तदुत्तरम् ॥
वाढं निद्रादयः सर्वेऽनुभूयंते न चेतरः ।
तथाऽप्येतेऽनुभूयंते येन तं को निवारयेत् ॥
जलपाषाणमृत्काष्ठवास्याकुद्दालकादयः ।
ईश्वराः सर्व एवैते पूजिताः फलदायिनः२०८
न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ॥२३५॥
अप्रवेश्य चिदात्मानं पृथक् पश्यन्नहंकृतिम् ।
इच्छंस्तु कोटिवस्तूनि न बाधो ग्रंथिभेदतः ॥
आरब्धकर्मनानात्वाद्बुद्धानामन्यथाऽन्यथा
वर्तनं तेन शास्त्रार्थे भ्रमितव्यं न पंडितैः२८७

आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः ।
किमिच्छन् कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत् १
देहात्मज्ञानवत् ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम् ।
आत्सन्येव भवेद् यस्य स नेच्छन्नपि मुच्यते॥
जनकादेः कथं राज्यमिति चेद् दृढबोधतः ।
तथा तवाऽपि चेत् तर्कं पठ यद्वा कृषिं कुरु ॥
अवश्यं भावि भावानां प्रतीकारो भवेद् यदि।
तदा दुःखैर्न लिप्येरन् नलरामयुधिष्ठिराः १५
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपंचं यत् प्रकाशते ।
तद् ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबंधैः प्रमुच्यते॥
दुःखिनोऽज्ञाः संसरंतु कामं पुत्राद्यपेक्षया।
परमानंदपूर्णोऽहं संसरामि किमिच्छया२५५
नित्यानुभवरूपस्य को मे वानुभवः पृथक् ।
कृतं कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव निश्चयः ॥

अनुभूतेरभावेपि ब्रह्मास्मीत्येव चिंत्यताम् ।
अप्यसत्प्राप्यते ध्यानान्नित्याप्तं ब्रह्म किं पुनः

भिद्यते हृदयग्रंथिश्छिद्यंते सर्वसंशयाः ।
क्षीयंते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे७

असाध्यःकस्यचिद्योगःकस्यचिज्ज्ञाननिश्चयः
इत्थं विचार्य मार्गौ द्वौ जगाद परमेश्वरः ८२

॥ इति पंचदशीके प्रस्ताविक श्लोक ॥